4072(E)
17/6/2026

# पथ निर्माण विभाग

**दिनांक–16/6/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।**

पथ प्रमंडल, लखीसराय के अन्तर्गत Widening and Strengthening of Surjichak-Rahatpur-Ramchandrapur Road from Km. 0.00 to 6.20 for the year 2022-23 कार्य के समयवृद्धि का प्रस्ताव जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति :**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

**2.** मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1099(अनु०) दिनांक–27.03.2025 के द्वारा विषयांकित कार्य के समयवृद्धि की स्वीकृति हेतु प्राप्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं विहित प्रपत्र में अंकित सूचनाओं तथा विभागीय पत्रांक–2416(E) दिनांक–17.04.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1117(अनु०) दिनांक–01.04.2026 एवं पत्रांक–1410(अनु०) दिनांक–02.05.2026 द्वारा वांछित अभिलेखों/कागजातों के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening and Strengthening of Surjichak-Rahatpur-Ramchandrapur Road from Km. 0.00 to 6.20 for the year 2022-23 |
| 2.2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2399.11 लाख। विभागीय पत्रांक–3781(एस०) दिनांक–03.07.2023 |
| 2.3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2210.87 लाख। मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2387(अनु०) दिनांक–12.08.2023 |
| 2.4 | पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2855.32 लाख। मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–331(अनु०) दिनांक–28.01.2026 |
| 2.5 | एकरारनामा संख्या | : | 03/SBD/2023-24 |
| 2.6 | एकरारनामा की राशि | : | ₹18,24,37,602.00 |
| 2.7 | संवेदक का नाम | : | Nishant Kumar |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.8 | एकरारनामा के अनुसार कार्यारम्भ की तिथि | : | 19.09.2023 |
| 2.9 | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | : | 18.12.2024 |
| 2.10 | वास्तविक कार्य समाप्ति की तिथि | : | कार्य प्रगति में। |
| 2.11 | माँग की गई समयवृद्धि की तिथि | : | 31.07.2026 |

3. **<u>समयवृद्धि का कारण</u>** :–

कार्यस्थल गंगा नदी, हरोहर नदी एवं किऊल नदी के पास रहने के कारण कार्य करने के लिए लगभग छः माह ही मिल पाता है। कार्य के दरम्यान रैयतों द्वारा यह कह कर व्यवधान डाला गया कि पथ मार्ग–संरेखन, जो पूर्व से ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा पथ निर्मित है तथा पथ निर्माण विभाग को हस्तगत है, वह रैयती है। अंचलाधिकारी पिपरिया के मदद से मार्ग संरेखन की मापी की गई पथ मार्गरेखन में पड़ने वाली सरकारी भूमि की चौड़ाई लगभग 6 मी० से 7 मी० ही है। विदित हो कि NABARD योजना के कारण भू–अर्जन का प्रावधान प्राक्कलन में नही किया गया है। विभागीय निदेशानुसार उपलब्ध एवं विवाद रहित भूमि पर प्रशासनिक मदद एवं स्थानीय सामाजिक रैयतों के साकारात्मक सहयोग से स्वीकृत पथ की लम्बाई 6.20 कि०मी० में से 3.75 कि०मी० कार्य करा लिया गया है एवं शेष बचे 2.45 कि०मी० में उपलब्ध भूमि पर प्रशासनिक सहयोग से संवेदक द्वारा कार्य पूर्ण करने पर सहमति बनी है।

विभागीय ज्ञापांक–3204(E) दिनांक–22.05.2025 के द्वारा उपलब्ध जमीन पर कार्य कराये जाने का निदेश प्राप्त है। कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, लखीसराय के पत्रांक–782 द्वारा दिनांक–30.06.2025 से दिनांक–30.06.2025 से एकरारनामा बन्द करने एवं कराए गए कार्य का DLP प्रारम्भ की गई है। कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, लखीसराय के पत्रांक–989 दिनांक–30.07.2025 से संवेदक को उपलब्ध जमीन पर कार्य करने का निर्देश निर्गत किया गया है।

4. **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय</u>** :–

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त् विषयांकित कार्य में दिनांक–31.07.2026 तक समयवृद्धि प्रदान करने की अनुशंसा की जाती है।

5. विभागीय निविदा समिति का निर्णय :—

5.1 मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक—1099(अनु०) दिनांक—27.03.2025 द्वारा प्राप्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं विभागीय पत्रांक—2416(E) दिनांक—17.04.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक—1117(अनु०) दिनांक—01.04.2026 एवं पत्रांक—1410(अनु०) दिनांक—02.05.2026 द्वारा वांछित अभिलेखों / कागजातों के आधार पर पथ प्रमंडल, लखीसराय के अन्तर्गत **Widening and Strengthening of Surjichak-Rahatpur-Ramchandrapur Road from Km. 0.00 to 6.20 for the year 2022-23** (एकरारनामा संख्या—03/SBD/2023-24) हेतु दिनांक—31.07.2026 तक समयवृद्धि की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

5.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16/06/26 | 16/06/26 | 16/06/26 | |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (राजकुमार)<br>मुख्य अभियंता,<br>दक्षिण,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख—सह—अपर<br>आयुक्त—सह—विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांक—प्र०—7 / विविध—04—40 / 2025 4072(E) पटना, दिनांक 17/6/2026

**प्रतिलिपि** :— मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, मुंगेर / कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित / आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/06/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।